হিংসা বনাম অহিংসা హింస మరియు అహింస हिंसा बनाम अहिंसा

હિંસા વિરુદ્ધ અહિંસા हिंसा विरुद्ध अहिंसा ಹಿಂಸೆ ವಿರುದ್ಧ ಅಹಿಂಸೆ

ஹிம்சை மற்றும் அஹிம்சை അക്രമവും അഹിംസയും

# hinsa vs. ahinsa

## 16th edition

## Beauty Without Cruelty

ہنسا بمقابلہ اہنسا हिंसा विरुद्धम् अहिंसा ହିଂସା ବନାମ ଅହିଂସା

ꠢꠤꠋꠡꠣ ꠛꠘꠣꠝ ꠅ-ꠢꠤꠋꠡꠣ॥ ᱦᱤᱸᱥᱟ ᱵᱤᱨᱩᱫᱷ ᱚᱦᱤᱸᱥᱟ ਹਿੰਸਾ ਬਨਾਮ ਅਹਿੰਸਾ

Beauty Without Cruelty
is a way of life which causes
no creature of land, sea or air
terror, torture or death

www.bwcindia.org

ब्यूटी विदाउट क्रुएल्टी
एक ऐसी जीवनपद्धति है जो किसी जीव को
चाहे वो भूमि, जल अथवा वायु का हो
भय, पीड़ा अथवा मृत्यु नहीं पहुँचाती

# hinsa vs. ahinsa

Thousands of Hinsa vs. Ahinsa e-mails are sent out every fortnight. Each theme is based on Beauty Without Cruelty's motto and can be viewed at http://www.bwcindia.org/Web/Awareness/HinsaVsAhinsa/HinsaVsAhinsa1.html

प्रत्येक पखवाड़े हिंसा बनाम अहिंसा के ई-मेल हज़ारों लोगों को भेजे जाते हैं। ब्यूटी विदाउट क्रुएल्टी के आदर्श-वाक्य पर आधारित प्रत्येक विषय-वस्तु को हमारी वेबसाईट पर देखा जा सकता है। http://www.bwcindia.org/Web/Awareness/HinsaVsAhinsa/HinsaVsAhinsa1.html

26 selected numbers are presented in this version commemorating Beauty Without Cruelty's 52nd birthday and the Jain Paryushan in 2026.

ब्यूटी विदाउट क्रुएल्टी 52वीं वर्षगांठ के अवसर पर एवं 2026 के दौरान मनाये जाने वाले जैन पर्युषण पर्व पर इस संस्करण में चुनिंदा 26 विषय-वस्तुओं की प्रस्तुति की गई है।

Beauty Without Cruelty asks you to follow
a lifestyle of minimum harm in all aspects –
food, clothing, entertainment, etc.
If you are doing it for enjoyment, do no harm.
If you are doing it for survival, do minimum harm.
If you can do with a less harm-causing alternative, adopt it.
If you can't, question it.
Finally apply the golden rule to what you are doing:
put yourself in the place of the victim of your action.
Listen to your conscience – the voice inside.
It is the voice of truth.

ब्यूटी विदाउट क्रुएल्टी अन्न, वस्त्र और मनोरंजन के विषय में
प्राणियों को कम से कम हानि पहुँचे, ऐसी जीवनशैली अपनाने का आग्रह करती है –
यदि आप सुख-उपभोग के लिए ऐसा करते हैं, तो तनिक भी हानि न पहुँचाएं।
यदि आप अपने अस्तित्व के लिए ऐसा करते हैं, तो कम से कम हानि पहुँचाएं।
यदि आप कम हानिकारी विकल्प से चला सकते हैं, तो उसे अपनाएं।
यदि आप स्वयं नहीं कर पाते, तो उसके बारे में सवाल करें।
अंततः आप जो करते हैं, उसके लिए स्वर्ण-कसौटी लागू करें।
आपके उस कार्य से जिसे हानि पहुँचने वाली है, उस शिकार के स्थान पर स्वयं को रखें।
अपनी अंतरात्मा की – अपने भीतर की आवाज़ को सुनें।
यही सत्य की आवाज़ है।

The Hinsa vs. Ahinsa production team:
Diana Ratnagar (Conceptualisation & English Editor)
Bharat Kapadia (Hindi Editor)
Shashi Kumar (Designer)

हिंसा बनाम अहिंसा दल:
डायना रत्नागर (संकल्पना और इंग्लिश संपादक)
भरत कापडीआ (हिंदी संपादक)
शशि कुमार (डिज़ाइनर)

Special thanks: Nitin Gaikwad
and Sachin Swargiya.

विशेष आभार: नितीन गायकवाड
और सचीन स्वर्गिया।

Some pictures in this book have been taken from the Internet.
It is not BWC's intention to infringe anyone's copyright but,
if that has happened inadvertently, we apologize most sincerely,
and thank the photographers for helping us promote animal rights.

पुस्तक में कुछ तस्वीरे इंटरनेट से ली गई हैं।
किसी के कॉपीराईट हनन का बी डब्ल्यू सी कतई मंशा नहीं रही है।
परन्तु, यदि अनजाने में ऐसा हुआ है, तो उसके लिए हम अंतःकरण से क्षमाप्रार्थी हैं।
और उन छायाचित्रकारों को पशु-अधिकार के कार्य को आगे बढ़ाने में सहयोग हेतु हम उनके आभारी हैं।

# BWC's Birthday

## 12 September

## बी डब्ल्यू सी का जन्मदिवस

## 12 सितम्बर

www.bwcindia.org

**BWC believes in respecting all life forms and condemns killing, exploiting, exhibiting, abusing, harming, using, confining, adorning and consuming meat, fish, fowl, eggs, milk and honey.**

बी डब्ल्यू सी तमाम प्रकार के जीवों का आदर करने में विश्वास करती है और हत्या, शोषण, प्रदर्शन, दुरुपयोग, हानि पहुँचाने, उपयोग करने, बंधनग्रस्त रखने, सजावट एवं मांस, मच्छी, पक्षियों का भक्षण, अंडे, दूध एवं शहद का सेवन करने की भर्त्सना करती है।



**BWC thanks those who have given up using and consuming animal products and/or supporting animal cruelty.**

बी डब्ल्यू सी उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करती हैं, जिन्होंने प्राणिज उत्पादों के प्रयोग एवं उपभोग का त्याग दिया है और/अथवा प्राणियों के प्रति क्रूरता का समर्थन न करते हों।

**BWC will continue to motivate others to acknowledge animals are sentient beings. So how about gifting a BWC life membership?**

बी डब्ल्यू सी अन्यों को प्राणियों के संवेदनशील जीव होने का स्वीकार करने के लिये प्रोत्साहित करती रहेगी। तो आप क्या सोच रहे हैं ? बी डब्ल्यू सी की सदस्यता किसीको उपहार करें।

LM Form

www.bwcindia.org

hinsa vs. ahinsa

# National Bird Day

**5 January**

## राष्ट्रीय पक्षी दिवस

**5 जनवरी**

**Parakeets and other wild birds are illegally trapped and transported for sale.**



तोते समेत अन्य वन्य पक्षियों को अवैध रुप से जाल में फाँसा जाता है, और उन्हें बेचने के लिए उनका परिवहन किया जाता है।

**Their wings are clipped in order to make sure they can not fly or be released back into the wild.**



वे उड़ न पाये यह सुनिश्चित करने के लिये उनके पंख कुतर दिये जाते है।
न तो वो उड़ सकते है, न उन्हें जंगल में फिर से छोड़ सकते है।

**The person who buys and flaunts a caged bird is as responsible as the person who sold it and before that the person who trapped it.**



पिंजरे में कैद पक्षियों को पकड़ने वाले इन्सान, उसे बेचने वाले इन्सान और पिंजरे में रखकर झूठी शान दिखाने वाले इन्सान इस कृत्य के लिए बराबर उत्तरदायी हैं।

**It is illegal to cage birds.**

पक्षियों को बंधनग्रस्त करना अवैध है।

# *Makar Sankranti / Uttarayan*
# मकर संक्रांति / उत्तरायण



**Kite flying is an ancient tradition of the harvest festival which marks the Sun's transition into Capricorn and the advent of spring celebrations.**




पतंग उड़ाना फसल पर्व की पौराणिक परंपरा है, जोकि सूर्य के मकर राशि में संक्रमण एवं वसंतोत्सव का संकेत है।

**Goodwill and sweetness towards humans can easily include not flying kites with *Manja* to ensure that we do not injure any person, animal, or bird.**



बिना माँजे के पतंग उड़ाना मनुष्यों के प्रति सद्भावना एवं माधुर्य का संकेत है, जिससे कि हम किसी व्यक्ति, प्राणी या पक्षी को चोट न पहुंचाना सुनिश्चित करते हैं।

**If there is no demand for *Manja*, its manufacture and sale will automatically end.**

यदि माँजे कि मांग ही न होगी, तो उसका निर्माण और बिक्री स्वत: बंद हो जायेंगे।

www.bwcindia.org

# Chinese New Year
# Year of the Fire Horse
**17 February 2026**

# चीनी नव-वर्ष
# अग्नि अश्व का वर्ष
**17 फरवरी 2026**

hinsa vs. ahinsa

**The Year of the Fire Horse combines the horse's freedom-loving nature with fiery energy signifying rapid change for transformation that benefits horses.**



अग्नि अश्व का वर्ष घोड़े के स्वतंत्रता-प्रेमी स्वभाव
और प्रचंड ऊर्जा के संयोजन एवं रुपांतरण के लिए
तेजी से बदलाव का प्रतीक है,
जोकि, घोड़ों के लिए लाभकारी है।

**Horses are exploited for all equestrian events such as horse racing, polo, joy-rides, pulling carriages, rodeo, show jumping, endurance riding, reining, dressage, and more.**




सभी घुड़सवारी आयोजनों जैसे घुड़दौड़, पोलो,
मनोरंजन के लिए सवारी, गाड़ी खींचना, रोडियो, शो जंपिंग,
घोड़ों कि लंबी दूरी की रेस, लगाम कसकर घुड़सवारी करना,
ड्रेसेज, और अन्य के द्वारा घोड़ों का शोषण किया जाता है।

**Boycott all events and shows involving horses.**

घोड़ों से जुड़े सभी आयोजनों और खेलों का बहिष्कार करें।

hinsa vs. ahinsa

# Sant Gadge Baba Jayanti

23 February

## संत गाडगे बाबा जयंती

23 फरवरी

**Sant Gadge Baba was not only a staunch proponent of vegetarianism, but he campaigned against animal sacrifice.**



संत गाडगे बाबा केवल शाकाहारवाद के कट्टर समर्थक ही न थे, अपितु, प्राणी-बलि के विरोध में उन्होंने मुहिम भी चलाई थी।

**As a social reformer, he advocated true worship by serving humanity, not performing rituals that involved killing of animals.**



समाज-सुधारक के रुप में प्राणी-हत्या के क्रियाकांड से दूर रहकर मानवता की सेवा करते हुए वे वास्तविक सेवा के पक्षधर रहे।

**Help and compassion for humans as well as animals is true service.**

मनुष्यों एवम् प्राणियों के प्रति करुणा ही सच्ची सेवा है।

www.bwcindia.org

hinsa vs. ahinsa

# World Consumer Rights Day

**15 March**

## विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस

**15 मार्च**

**In addition to food articles, soaps, toothpaste, cosmetics, perfumes, detergents, cleaners, air fresheners, glue, lubricants, crockery, brushes, candles and *agarbatti* are some of the consumer items that can contain hidden animal ingredients.**




खाद्य सामग्री के अतिरिक्त, साबुन, टूथपेस्ट, सौंदर्य प्रसाधन, ईत्र, डिटर्जेंट, सफ़ाई सामग्री, एयर फ्रेशनर, गोंद, लुब्रिकेंट, क्रॉकरी, ब्रश, मोमबत्ती और अगरबत्ती कुछेक ऐसी उपभोक्ता सामग्री हैं, जिनमें प्रच्छन्न प्राणिज घटक समाविष्ट हो सकते हैं।

**Pledge to use products of non-animal origin.**

अप्राणिज स्रोत वाले उत्पादों का प्रयोग करने का प्रण लें।

hinsa vs. ahinsa

# World Health Day

**7 April**

## विश्व स्वास्थ्य दिवस

7 अप्रैल

www.bwcindia.org

**The World Health Organisation recommends that adults eat 400 grams fruits and vegetables daily, reduce salt, limit sugar and eliminate trans fats.**




विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अनुशंसा की है कि प्रत्येक वयस्क को प्रतिदिन 400 ग्राम फल एवं सब्जियां खाने चाहिए, नमक कम करना चाहिए, चीनी की मात्रा सीमित करनी चाहिए और ट्रान्स-फेट कम करने चाहिए।

**The National Program for Prevention & Control of Non-Communicable Diseases also emphasises a diet of fruits, vegetables and whole grains as being critical to avoiding cancer, cardiovascular disease, diabetes, and obesity.**

ग़ैर-संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण हेतु राष्ट्रीय कार्यक्रम (NPPCNCD) प्रतिदिन फल, सब्ज़ी एवं संपूर्ण अनाज खाने पर ज़ोर देता है, क्योंकि, ये कैन्सर, ह्रदय रोग, डायबिटीज़ और मेदस्विता को दूर रखने में महत्त्वपूर्ण हैं।

**A vegan diet is healthy for humans – and no creature gets exploited or killed.**

वीगन आहार मनुष्यों के लिये आरोग्यकारी है और इसके कारण किसी जीव का शोषण या हत्या नहीं होती है।

www.bwcindia.org

hinsa vs. ahinsa

# World Circus Day

## Third Saturday of April

## विश्व सर्कस दिवस

## अप्रैल का तीसरा शनिवार

**The World Circus Day was founded in 2010 to basically highlight creativity and skill of human performers.**



विश्व सर्कस दिवस का शुभारंभ 2010 में मूलत: मनुष्य करतबकारों की सर्जनात्मकता एवं कला को उजागर करने के उद्देश्य से हुआ था।

**Majority of circuses in India now have robotic animals, not live animals thereby saving them from being trained using fear, hunger and torture to perform in the ring.**



भारत में अधिकांश सर्कस जीवित पशु नहीं, बल्कि, मशीनी (रोबोटिक) प्राणियों का प्रयोग करते हैं, ताकि, रिंग में करतब दिखाने के पूर्व दिए जाने वाले प्रशिक्षण के दौरान भय, भूख और सितम से जीवित प्राणियों को बचाया जा सके।

**Support Circuses WITHOUT Live Animals.**

जीवित प्राणीविहीन सर्कस को समर्थन दें।

# International Leopard Day

**3 May**

## अंतर्राष्ट्रीय चीता दिवस

**3 मई**



**Leopard-human conflict is the outcome of habitat loss.
The animals are trapped and kept at rescue centres or zoos.
Some are killed in encounters.**





मनुष्यों एवं चीतों के संघर्ष का कारण चीतों के निवास की हानि है।
प्राणियों को फँसाकर पकड़ने के पश्चात् राहत-केन्द्रों अथवा चिड़ियाघरों में रखा जाता हैं।
कुछेक मुठभेड़ में मारे जाते हैं।

**Leopards are the second-most poached wildcat
with its bones passed off as tiger bones.
Leopard skins are also in demand.**



चीते दुसरे सर्वाधिक शिकार किए जाने वाले जंगली बिल्ले हैं,
जिनकी हड्डियों को शेर की हड्डियों के नाम पर बेचा जाता है।
चीतों की खाल की माँग भी अधिक है।

**The one and only solution to save leopards is to stop deforestation.**

चीतों को बचाने का एकमात्र उपाय वन के उन्मूलन को रोकना है।

www.bwcindia.org

hinsa vs. ahinsa


# Endangered Species Day

## Third Friday of May

## विलुप्तप्राय: प्रजाति दिवस

## मई का तीसरा शुक्रवार

**Endangered Species Day reminds us of those species whose numbers have drastically fallen, as well as species close to becoming extinct due to ruthless acts by homo sapiens.**



विलुप्तप्राय: प्रजाति दिवस हमें उन प्रजातियों का स्मरण कराता है, जिनकी संख्या बहुत कम हो गई है, और उक्त प्रजाति मनुष्यों के निर्मम कृत्यों के चलते विलुप्त होने की कगार पर है।

**Compassionate Conservationists believe individual lives matter, and do not support culling or hunting.**






करुणामय संरक्षण समर्थक प्रत्येक जीव को महत्त्वपूर्ण समझते हैं और पशुहत्या एवं शिकार का समर्थन नहीं करते हैं।

**Humans have no right to derive benefits from wild species and their habitats under the guise of sustainable use of wildlife.**

वन्य जीवन के चिरस्थायी उपयोग के बहाने मनुष्यों को कोई हक नहीं है कि वे वन्य प्रजाति और उनके निवास का लाभ उठायें।

# International Day for Biological Diversity

**22 May**

# अंतर्राष्ट्रीय जैव-वैविध्य दिवस

**22 मई**


www.bwcindia.org

**Biodiversity is not just counting species but covers a variety of all living beings that need safeguarding along with terrestrial, marine, and desert ecosystems.**




जैव-वैविध्य केवल प्रजातियों की गणना नहीं है, बल्कि, नानाविध तमाम जीवों, जिनके भौमिक, समुद्री परितंत्र के संरक्षण की आवश्यकता है।

**Of the 36 global biodiversity hotspots, 4 are in India: the Himalayas, Western Ghats, North-East and Sundaland/Nicobar Islands.**




36 वैश्विक जैव-वैविध्य विषयक संवेदनशील केन्द्र में से 4 भारत में हिमालय, पश्चिमी घाट, उत्तर-पूर्व एवं सुंडालैन्ड, निकोबार द्वीपसमूह में स्थित हैं।

**Humans need to stop "stealing" natural habitats for "development".**

मनुष्यों को चाहिए कि वे "विकास" के नाम पर नैसर्गिक आवासों की "चोरी" बंद करें।


www.bwcindia.org

hinsa vs. ahinsa

# World Milk Day
**1 June**

# विश्व दुग्ध दिवस
**1 जून**

**Artificial Insemination is the norm for dairy cattle.
It is unnatural, forced and cruel for males and females.**




दुधारु पशुओं के लिये कृत्रिम गर्भाधान आम बात है।
यह नर एवं मादा पशुओं के लिये अप्राकृतिक, जबरदस्ती पूर्ण और क्रूर है।

**The milk meant for the calf is stolen by humans,
converting the mother into a milk machine.
When she runs dry, semen is again collected
from males and deposited in her uterus.**




प्राणियों के बच्चों का दूध उनकी माँ को दूध-उत्पादन
यंत्र बनाकर मनुष्यों के द्वारा चोरी किया जाता है।
जब उनकी माँ का दूध सूख जाता है,
पुनः उन्हें गर्भवती बनाने के लिये नर से शुक्राणु
लेकर मादा के गर्भ में जमा किये जाते हैं।

**Do not forget the grim reality behind Milk Products.**

दुग्ध उत्पादनों के पीछे की भयावह सच्चाई को कभी न भूलें।

hinsa vs. ahinsa

# World Day Against Child Labour

**12 June**

## बाल-श्रम के विरुद्ध विश्व दिवस

**12 जून**

www.bwcindia.org

**Children as young as eight years old are hired to work in small unregistered workshops or from home for leather production. They also assemble, stitch, and finish footwear and other goods.**



केवल आठ वर्ष के बच्चों को चमड़ा-उत्पादन हेतु छोटे से, अपंजीकृत कारखानों में या किसीके घर पर मजदूरी के लिए रखा जाता है। वे वहाँ पर जूते या अन्य सामान बनाने, सिलाई करने या पुर्जे जोड़ने जैसे काम भी करते हैं।

**Similarly, children are engaged in the aquaculture and fisheries' supply chain from harvesting, killing, sorting, peeling, gutting to packing.**



उसी प्रकार, बच्चों को मच्छीमारी और मत्स्यपालन जैसे उद्यमों में आपूर्ति-शृंखला में फसल-कटाई से लेकर मछली मारने, छाँटने, छिलाई, अँतड़ियाँ निकालने और पैक करने तक के सभी कामों में जोता जाता है।

**For the sake of children exploited, and for the sake of many more lives killed, pledge not to use leather or eat fish.**

शोषित बच्चों की खातिर और अन्य हजारों जीवों की हत्या के विरोध में हम प्रण लें कि हम चमड़े का प्रयोग नहीं करेंगे,न ही मछली खाएंगे।

www.bwcindia.org

hinsa vs. ahinsa

# Father's Day

## Third Sunday of June

## पितृ दिवस

## जून का तीसरा रविवार

**Humans are not the only specie to show paternal bonds.
Several animals have devoted fathers who go to great lengths for their offspring by protecting them from threats to keeping them warm and well fed. This proves that animals are sentient beings, capable of experiencing family bonds and have a strong desire to live, just like us.**



मनुष्य एकमात्र प्रजाति नहीं है, जो पिता के प्रति अनुबंधित है।
बहुत सारे प्राणी हैं, जो अपने पिता के लिए समर्पित होने के कारण उनकी सुरक्षा और उनके आहार के लिए उनका ख्याल रखते हैं।
इसीसे सिद्ध होता है कि सभी प्राणी पारिवारिक बंधन की अनुभूति कर सकते हैं और हमारी मनुष्यों की भांति ही जीने की तमन्ना रखते हैं।

**Animals are not commodities that exist for human consumption.**

प्राणी कोई चीज-वस्तु नहीं हैं, जो केवल मनुष्यों के उपभोग हेतु विद्यमान हैं।

hinsa vs. ahinsa

# World Music Day

**21 June**

## विश्व संगीत दिवस

**21 जून**

**Camel bone, ivory, hooves, horns, animal-gut, horse hair, tortoise-shell, conch shells, beeswax, lanolin, tallow and silk are used in different musical instruments. Goat, buffalo, lizard and other skins are commonly utilized as well; and leather cases are used to carry them.**



ऊँट की हड्डी, हाथीदांत, खुर, सींग, पशुओं की आंत, घोड़े के बाल, कछुए का कवच, शंख का कवच, मधुमोम, भेड़ के ऊन से निकाली चर्बी, पशु की चर्बी और रेशम, संगीत के वाद्यों में प्रयुक्त होते हैं। बकरी, भैंस, छिपकली और अन्य खाल भी इनमें सामान्यतः प्रयुक्त होती हैं, और इन्हें ले जाने के लिए चमड़े के केस प्रयुक्त होते हैं।

**We have come a long way from the hand-held monkey drum (*damru*) originally made from a human skull. We now need to stop using animal body-parts in all musical instruments.**



प्राणियों के तमाशे के समय हाथ में पकड़ने वाले डमरु जोकि, पुराने दिनों में मनुष्यों की खोपड़ी से बनते थे से लेकर आज तक की सफर तय की है। अब हमें चाहिए कि संगीत के सभी वाद्यों में प्राणियों के अंगों का प्रयोग करना बंद करें।

**Nowadays musical instruments that contain no animal parts are available, if only we make an effort to find them.**

आजकल प्राणियों के अंगों के बिना बने संगीत के वाद्य भी उपलब्ध हैं। आवश्यकता है, उन्हें खोज निकालने की।

www.bwcindia.org

www.bwcindia.org

hinsa vs. ahinsa

# Insect Jewellery
# किटाणु आभूषण

**Live insects such as butterflies, moths, beetles, bees, grasshoppers, scorpions, spiders, ants and dragonflies are caught in "killing jars" and put in the freezer before being encased in resin or electroformed.**







तितलियों, पतंगे, भौंरे, मक्खियों, टिड्डे, बिच्छू, मकड़ियों, चींटियों जैसे जीवित किटाणु "किलींग जार" (**killing jar**) में पकड़े जाते हैं और उन्हें किसी शोकेस में सजाने या बिजली से चिपकाने के पूवे रेज़िन या फ्रीझर में रखा जाता हैं।

**Turning them into jewellery such as earrings, pendants, broaches, rings and keychains is cruel and unethical.**






किटाणुओं को कान की बालियों, झुमकों, बरमा (ब्रोच), अंगूठी और की-चेन जैसे आभूषण में बदलना क्रूरतापूर्ण एवं अनैतिक है।

**Shun insect jewellery, don't flaunt it.**

रुकिए, किटाणु आभूषणों का घमंडी दिखावा न करें।

hinsa vs. ahinsa

# World Snake Day

**16 July**

विश्व सांप दिवस

**16 जुलाई**

www.bwcindia.org

**Snakes, considered friends of farmers, benefit the ecosystem by naturally controlling the rodent population.**



साँपों को किसानों का मित्र माना जाता है, जोकि चूहों की आबादी को प्राकृतिक रुप से नियंत्रित रखकर परितंत्र को लाभ पहुंचाते है।

**Snakes are protected and use of snakeskin items are prohibited despite which accessories and even whole snakeskins are sold online.**



सांप संरक्षित हैं और साँपों की खाल की सामग्री प्रतिबंधित हैं, तथापि, उनकी खाल की सामग्री एवं साँपों की खाल तक ऑनलाइन बेची जाती हैं।

**Do not buy or use snakeskin items ever.**

साँपों की खाल को कदापि खरीद न करें, न ही उनका प्रयोग करें।

www.bwcindia.org

hinsa vs. ahinsa

# International Friendship Day

**First Sunday of August**

## अंतर्राष्ट्रीय मैत्री दिवस

अगस्त का प्रथम रविवार

**The basis for genuine friendship between humans or with animals is mutual pleasure, love and trust, leading to a lifetime of respect and a compassionate outlook.**





मनुष्यों के बीच या प्राणियों के साथ विशुद्ध मैत्री का आधार परस्पर सुख, प्रेम एवं विश्वास है, जोकि, आजीवन आदर और करुणामय दृष्टिकोण की ओर ले जाता है।

**By never consuming or using animal derived products, humans can reinforce their existing bonds with animals and birds.**



जीवन में कदापि प्राणिज उत्पाद का उपभोग/उपयोग न करके मनुष्य प्राणियों एवं पक्षियों के साथ अपने मौजूदा बंधनों को मज़बूत कर सकते हैं।

**See all species as friends, not “food”.**

सभी प्रजातियों को मित्र के रुप में देखें, न कि “खाद्य” के रुप में।

hinsa vs. ahinsa

# World Rivers Day

## Fourth Sunday of September

## विश्व नदी दिवस

## सितम्बर का चौथा रविवार

www.bwcindia.org

**Like other rivers the Chambal is heavily polluted with garbage and industrial discharge.**



अन्य नदियों की भांति चंबल भी कचरे और औद्योगिक
गंदगी के कारण अत्यधिक प्रदूषित है।

**Saving gharials, turtles, otters, dolphins and 300 species of birds is based on saving our rivers. They face shrinking habitats, deadly fishing nets and disappearing sandbanks due to extensive riverbed cultivation.**









घड़ियाल, कछुए, ऊदबिलाव, डोल्फिन और पक्षियों की
300 प्रजातियों को बचाना हमारी नदियों को बचाने के उपर आधारित है।
उनके सामने सिकुड़ते हुए निवास, मच्छी पकड़ने के
ख़तरनाक जाल और नदीतटों पर की जा रही
खेती के कारण विलुप्त हो रहे रेत के टीलों की समस्या है।

**The National Green Tribunal's orders to curb illegal mining and riverfront development, must be respected.**

अवैध खनन और रिवरफ्रन्ट विकास हेतु हरित ट्रिब्यूनल के द्वारा
पारित आदेशों का हमें सम्मान करना चाहिए।

www.bwcindia.org

hinsa vs. ahinsa

# Deer
# हिरण

**In forests deer are preyed upon by big cats and poached by humans for their antlers, skin and venison. Quite often, several deer mysteriously die in captivity and if their carcasses are not incinerated, their flesh may be consumed, organs, skin and antlers traded.**



जंगल में बड़े प्राणियों के द्वारा विभिन्न हिरणों का शिकार किया जाता है और मनुष्यों के द्वारा विशेषत: बारहसिंगों के सिंग, खाल और मांस के लिये उनका अवैध रुप से शिकार किया जाता है। अक्सर देखा गया है कि कई हिरण बंधनावस्था में रहस्यमय रुप से मर जाते हैं। ऐसे मृत हिरण के शव यदि जलाये नहीं जाते हैं तो उनके मांस का उपभोग किया जाता है अंग, खाल एवं सिंगों का व्यापार होता है।

**Sambar, Chital, Sangai, Barasingha, Hog Deer and Muntjac possess antlers. Antlers of killed deer are turned into trophies, cutlery or dagger handles, buttons, jewellery and other accessories.**



सांभर, चीतल, संगाई, बारहसिंगा, होग डियर (पाढ़ा) और मुंतजैक हिरण के सिंग होते हैं। मारे गये हिरणों के सिंग को ट्राफियां, कटलरी, ख़ंजर की मूठ, बटन, आभूषण और अन्य सामग्री में परिवर्तित किया जाता है।

**Poaching of deer occurs because there exists a demand for deerskin, antlers and venison.**

हिरणों का अवैध शिकार होता है, क्योंकि, कहीं न कहीं हिरण की खाल, उनके सिंग और मांस की माँग का अस्तित्व है।

# Pushkar Fair
# पुष्कर मेला



**The annual Pushkar Fair in Rajasthan is the world's largest fair around Kartik Purnima. Camels are traded and made to race each other. They are made to fight and dance too.**



राजस्थान में कार्तिक पूर्णिमा के आसपास आयोजित होने वाला पुष्कर मेला विश्व का सर्वाधिक बड़ा मेला है। उसमें ऊँट को अन्य ऊँटों के साथ दौड़ाया जाता है। उन्हें परस्पर लड़ाया जाता है और नचाया भी जाता है।

**Items such as camel bone jewellery and camel leather goods are traded. Camel hide is made into slippers, hats, boots, bags, vases, lampshades, bowls, furniture, and painted or embossed bottles for perfumes, oils and water.**





ऊँट की हड्डियों से बने आभूषण एवं ऊँट की खाल से बने सामान का व्यापार होता है। ऊँट की खाल से स्लीपर, हैट, जूते, थैले, फूलदान, लैम्प शेड, कटोरियाँ, फ़र्निचर और ईत्र, तेल या पानी की शीशियाँ (पेण्ट की हुई या उकेरी हुई) बनाई जाती हैं।

**Camel races are cruel. Condemn camel skin and bone items.**

ऊंट दौड़ क्रूरतापूर्ण हैं। ऊँट की खाल एवं हड्डियों की सामग्री की भर्त्सना करें।

www.bwcindia.org

hinsa vs. ahinsa

# World Vegan Month

## November

# विश्व वीगन माह

## नवम्बर

## Animal Bones प्राणियों की हड्डियाँ

**Just like meat and leather, bones of cattle, sheep, goats and pigs, even camels, horses, elephants, rhinos, tigers, fish and birds' bones are utilised.**



मांस और चमड़े की भांति मवेशी, भेड़, बकरियों एवं सूअर की, अरे, ऊँट, घोड़े, हाथी, गैंडों, बाघों, मछली और पक्षियों तक की हड्डियाँ तक का प्रयोग किया जाता है।

**Horns, hooves, antlers, nails, claws, teeth, shells and ivory are used to make show pieces and trinkets. Bone jewellery can include feathers, shells and shellac and be labelled organic.**



सींग खुर बारहसिंगे के सींग, नाखून, पंजे, दाँत, कवच और हाथीदांत का प्रयोग शो पीस सस्ते आभूषण बनाने में होता है। हड्डियाँ के आभूषण में पक्षियों के पंख, कवच और लाख समाविष्ट हो सकते हैं और उन पर ओर्गेनिक होने का लेबल भी लगा हो सकते है।

**Items made from bones are skeleton pieces, inappropriate for display and adornment.**
**Veganism extends beyond Diet.**

हड्डियाँ एवं कंकाल के टुकड़ों से निर्मित सामग्री सजावट और श्रृंगार के लिये अनुचित हैं।
वीगनवाद आहार से आगे तक फैला हुआ है।

hinsa vs. ahinsa

# World Wildlife Conservation Day

## 4 December


# विश्व वन्यजीवन संरक्षण दिवस

## 4 दिसंबर

www.bwcindia.org

**Each and every natural coral and pearl has a background of torture and death. Corals are home to tiny marine creatures. Oysters form layers of nacre (pearl) over grit, but to simulate such natural accidents, man makes an incision in its soft body and puts gravel into it resulting in years of painful suffering and death.**

**Corals and Pearls** मूंगा एवं मोती





प्रत्येक मूंगा एवं मोती के पीछे सितम और मौत होते हैं। मूंगा सूक्ष्म समुद्री जीवों का निवास होता है। घोंघा से मोती की परत बनती है। परंतु, ऐसी प्राकृतिक दुर्घटना को प्रोत्साहित करने हेतु मनुष्य उनके कोमल देह में छेद करता है और उसमें कंकड़ डालता है। इसके फलस्वरुप सालों की निरंतर पीड़ा और मौत भुगतने के पश्चात् मोती बनते हैं।

**White moonstone resembles pearl in looks.**

| ***Moonstone*** | ***Pearl*** |
|---|---|
| चन्द्रकान्त मणि | मोती |
|  |  |

सफेद चन्द्रकान्त मणि देखने में मोती के समान है।

**Red Jasper has similar properties to coral, through to a lesser degree.**

| **Red Jasper** | **Coral** |
|---|---|
| लाल जैस्पर | मूंगा |
|  |  |

लाल जैस्पर मूंगे जैसे ही गुण रखता है, यद्यपि थोड़े से निम्न स्तर तक।

**Corals and Pearls are the outcome of countless wildlife deaths.**

मूंगा और मोती अनगिनत वन्यजीवों की मृत्यु का परिणमन है।

www.bwcindia.org

# Greyhound Racing
# ग्रेहाउंड की दौड़

hinsa vs. ahinsa

**Starved greyhounds are trained to chase and kill rabbits so the taste of blood makes them run after mechanical rabbits on tracks.**



भूखे रखे गये ग्रेहाउंड कुत्तों को ख़रगोश का पीछा कर
उन्हें मारने का प्रशिक्षण दिया जाता है, ताकि, दौड़ के मैदान में
ख़ून के प्यासे कुत्ते यांत्रिक ख़रगोश के पीछे भाग सकें।

**Performance enhancing drugs are openly administered to the dogs just before the races. Many end up with fractures.**



कुत्तों को निष्पादन सुधारने वाली औषधि
दौड़ के पूर्व खुलेआम दी जाती है।
फलतः कई कुत्तों का अस्थिभंग (फ्रैक्चर) होता है।

**The AWBI and Govt of Punjab need to implement a long-overdue effective ban on greyhound racing which is cruel and illegal.**

भारतीय प्राणी कल्याण बोर्ड और पंजाब शासन के दीर्घकालीन शेष ठोस कदम
उठाने की आवश्यकता है, जिससे कि इस क्रूर एवं अवैध दौड़ पर प्रतिबंध लागू हो।

# Christmas Eve
**24 December**

## क्रिसमस पूर्वसंध्या
**24 दिसंबर**



**Turkeys, Ducks, Chickens & Pigs are fattened to be killed for Christmas celebration meals.**



पेरु पक्षी, बत्तख, चूज़े और सूअर
को क्रिसमस उत्सव के भोजन के लिए
मारने हेतु मोटा किया जाता है।

**Peace on earth, goodwill to animals and birds. Eat drink and be merry without eating them.**



पृथ्वी पर शांति, सभी प्राणियों एवं पक्षियों के प्रति सद्भावना।
उनका भक्षण किये बगैर खाएं, पियें और मस्त रहें।


**Merry Vegan Christmas.**

आप सभी को वीगन क्रिसमस की शुभकामना।

# Lab-Grown Meat is Animal Meat
# प्रयोगशाला में निर्मित मांस पशु मांस है

**Lab-grown Meat is 100% real meat. Via a biopsy, flesh taken from living animals such as cows, bulls, chickens, fish, pigs, sheep, goats, is grown in petri dishes using fetal calf serum (blood extracted by puncturing the heart of an unborn calf in a pregnant cow) and is falsely marked as clean and vegan to attract vegetarians.**

प्रयोगशाला में निर्मित मांस शत प्रतिशत वास्तविक मांस है। जीवित पशुओं से बायोप्सी के ज़रिये गाय, बैल, मुर्गियां, मछली, सूअर, भेड़, बकरी, से मांस निकाल कर बछड़े के भ्रूण का उपयोग करते हुए पेट्री डिश में (गर्भवती गाय के बछड़े के जन्म पूर्व उसके हृदय में छेद करके विकसित किया जाता है) और शाकाहारियों को आकर्षित करने के लिए उसे गलत रुप से क्लीन और व्हीगन चिह्नित किया जाता है।






## Beware of and Shun

**Lab-grown Meat, Cultivated Meat, Cultured Meat, Clean Meat, Shmeat, Cell-based Meat, Vat-grown Meat, Test-tube Meat, Hydroponic Meat, Mock Meat, In-vitro Meat, Vitro Meat, Victimless Meat, Synthetic Meat, Slaughter-free Meat.**

## इस मांस से बचें और दूर रहें

लॅब-ग्रोन मीट, प्रयोगशाला में निर्मित मांस, कल्चर्ड मीट, क्लीन मीट, श-मीट, सेल-बेस्ड मीट, वॅट-ग्रोन मीट, टेस्ट-टयूब मीट, हायड्रोपोनिक मीट, मॉक मीट, इन-विट्रो मीट, विट्रो मीट, विक्टीमलेस मीट, सिंथेटीक मीट, स्लॉटर-फ्री मीट।


Beauty Without Cruelty - India
An International Educational Charitable Trust for Animal Rights since 1974
4 Prince of Wales Drive, Wanowrie, Pune 411 040. WhatsApp: +91 74101 26541
Email: admin@bwcindia.org Website: www.bwcindia.org


Scan me